कंपनियों को एक जगह सुविधाएं मिलेंगी

मेडिकल डिवाइस पार्क

214 करोड़ रुपये खर्च होंगे मेडिकल डिवाइस पार्क के विकास पर

30 करोड़ रुपये जारी होंगे अगले हफ्ते, पार्क में आवंटन अप्रैल से होगा

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

मेडिकल डिवाइस पार्क में बनने वाले कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) और कॉमन साइंटिफिक सेंटर (सीएससी) के निर्माण पर 177 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कॉमन फैसिलिटी सेंटर और कॉमन साइंटिफिक सेंटर में कई जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। यहां आने वाली कंपनियों को एक छत के नीचे की सारी सुविधाएं मिलेंगी।

इसमें केंद्र सरकार भी 100 करोड़ रुपये का सहयोग करेगी। केंद्र सरकार अगले हफ्ते इसकी पहली किस्त के रूप में 30 करोड़ रुपये जारी कर देगी। पार्क के विकास में करीब 214 करोड़ खर्च किए जाएंगे। अप्रैल से इस योजना में भूखंडों का आवंटन शुरू हो जाएगा। केंद्र की पहल पर यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में पार्क विकसित होगा।

कंपनियों को लाभ होगा

कॉमन फैसिलिटी सेंटर और कॉमन साइंटिफिक सेंटर में कॉमन आईटी फैसिलिटी, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिवाइस फैसिलिटी, सेंसर टेस्टिंग फैसिलिटी, इलेक्ट्रॉनिक असेंबलिंग फैसिलिटी, बायो मैटेरियल टेस्टिंग फैसिलिटी, इंटरनेट ऑफ टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, गामा रेडिएशन जोन बनाए जाएंगे। इसका लाभ यहां आने वाली कंपनियों को मिलेगा।

सेक्टर की चारदीवारी होगी

मेडिकल डिवाइस पार्क सेक्टर-28 में विकसित किया जाएगा। यह पहला औद्योगिक सेक्टर होगा, जो चारदीवारी से घिरा होगा।

छह साल का समय लगेगा

योजना में अप्रैल से भूखंड आवंटन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। छह साल में यहां आने वाली सभी कंपनियां शुरू हो जाएंगी।